संख्या– SLNA/DC/2011-12

प्रेषक,

प्रमुख सचिव
भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रशासक / अध्यक्ष
1–शारदा सहायक समादेश परियोजना, लखनऊ
2–राम गंगा समादेश परियोजना, पाण्डुनगर, कानपुर

भू0ज0प्र0 / आई0डब्ल्यू0एम0पी / 2011–12 दिनांकः 5 सितम्बर, 2011

विषय– औद्यानीकरण प्रगति वर्ष 2011–12

महोदय,

कृपया उक्त विषयक मेरे पूर्व अर्धशासकीय पत्रांक 33 / वी0एस–2 डी0 / 2011 दिनांक 24.08.2011 का संदर्भ ग्रहण करें। इस प्रकरण मे शासन स्तर पर आई0डब्लू0एम0पी0 कार्यक्रम की समीक्षा करने पर यह पाया गया है कि वर्ष 2009–10 तथा वर्ष 2010–11 के अन्तर्गत मंडलों के अधिकांश जनपदों मे एस0एल0एन0ए0 द्वारा स्वीकृत डी0पी0आर0 के अनुसार वृक्षारोपण / एफारेस्टेशन की प्रगति अत्यन्त असंतोषजनक है। चूंकि वर्षाकाल का यह समय वृक्षारोपण कार्यो के लिए अति उत्तम चल रहा है। और वर्ष 2011–12 हेतु निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति प्रत्येक दशा मे सितम्बर 2011 के अन्त तक अवश्य पूर्ण की जानी है।

अतः आप से यह अपेक्षा की जाती है कि उक्त सन्दर्भ मे अपने समादेश परियोजना के अधीन समस्त उपनिदेशक एवं भूमि संरक्षण अधिकारियों को प्रभावी विस्तृति दिशा निर्देश तुरन्त निर्गत करने का कष्ट करें, ताकि औद्यानिक / वनीकरण कार्यो हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष निर्धारित भौतिक लक्ष्यों को समय रहते शत प्रतिशत पूर्ण किया जा सकें।

इस कार्यक्रम की प्रगति का स्थलीय सत्यापन करने एवं आवश्यक तकनीकी परामर्श प्रदान करने हेतु एस0एल0एन0ए0 / एस0एल0डी0सी0 मुख्यालय से श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव, सहायक टेक्निकल एक्सपर्ट हर्टिकल्चर / एफोरेस्टेशन को अवश्यकतानुसार विभिन्न जनपदों मे भेजा जा रहा है। अतएव आप अपने स्तर से समस्त उपनिदेशक एवं भूमि संरक्षण

अधिकारियों को तदानुसार तत्काल यह सूचित कर दे कि वह श्री श्रीवास्तव को औद्यानिक/एफारेस्टेशन प्रगति के स्थलीय सत्यापन हेत उचित सहयोग प्रदान कराने की व्यवस्था करें ताकि समय रहते इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाया जा सकें।

भवदीय

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या................/एस0एल0एन0ए0/2011–12 तद् दिनांक

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी।
2. प्रशासनिक अधिकारी।
3. श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव,सहायक टेक्निकल एक्सपर्ट एस0एल0एन0ए0 डाटा सेल / हर्टिकल्चर 23, गोखलेमार्ग, लखनऊ।

(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव